हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बुधवार, 24 अक्तूबर 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण www.livehindustan.com

आज बरेलियंस को दीवाना बनाएंगे कवि कुमार विश्वास

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

इंतजार की घड़ियां आखिरकार खत्म हो गई और आज आपके बीच हर दिल अजीज डॉ. कुमार विश्वास अपनी कविताओं-गजलों से मन के जज्बात बयां करेंगे।

मौका है आपके लोकप्रिय और विश्वसनीय हिन्दुस्तान अखबार के बरेली शहर में शानदार 9 साल पूरा करने का। इस मौके पर अपने प्रिय पाठकों, शुभचिंतकों के लिए एक ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसकी खुशनुमा याद सालों-साल मन में ताजा रहेगी। हिन्दुस्तान का कवि सम्मेलन आज शाम 7 बजे कंपनी

गार्डन के पीछे ओकवुड लांस में आयोजित किया गया है। युवा दिलों की धड़कन कवि डॉ. कुमार विश्वास आपके बीच अपनी रचनाओं के साथ होंगे। डॉ. कुमार विश्वास के साथ कवि सम्मेलन में मंच पर सहारनपुर के कवि राजेंद्र राजन, आगरा की

कवयित्री रुचि चतुर्वेदी, कानपुर के हेमंत पांडेय, इंदौर के अमन अक्षर, लखनऊ के प्रख्यात मिश्रा भी अपनी कविताएं सुनाएंगे। बरेली के युवा कवि मध्यम सक्सेना सम्मेलन के संयोजक के रूप में मौजूद रहेंगे।

› कुमार का इंटरव्यू पढ़ें पेज 05

एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि बरेली के लोगों में कविताओं की अच्छी समझ है। ऐसे में हिन्दुस्तान का यह आयोजन कविता प्रेमियों के लिए यादगार साबित होगा। युवा पीढ़ी तो कुमार विश्वास की दीवानी है। उनके लिए तो यह सम्मेलन यादगार होगा।

कैनविज के एमडी कन्हैया गुलाटी ने कहा कि हिन्दुस्तान को इस कवि सम्मेलन के लिए साधुवाद। बरेली की जनता कुमार विश्वास से लंबे समय बाद रूबरू होगी। मुझे पूरी उम्मीद है कि कुमार भी नई कविताओं से लोगों का दिल जीत लेंगे। यह कार्यक्रम अवश्य ही यादगार रहेगा।

राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हिन्दुस्तान ने हमेशा ही बरेली में अच्छे आयोजन कराए हैं। कवि सम्मेलन इसी कड़ी में एक अगला कदम है। उम्मीद है कि यह आयोजन भी पिछले कार्यक्रमों की तरह सफलता की मिसाल कायम करेगा।

एकेसी के अल्पित अग्रवाल का कहना है कि यह कवि सम्मेलन शहर के लोगों को ऐसी शाम देगा, जिसे लोग कभी भुला नहीं सकेंगे। डॉ. कुमार विश्वास समेत आ रहे अन्य कवियों की रचनाएं लोगों को मंत्रमुग्ध कर देंगी। इसके लिए हिंदुस्तान परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद।